इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक 2 7 0 3 4 4 2 4 3 5 2 2

Code No. 70/MAY/3
कोड नं०

Set / सेट C

213203

# हिन्दी
## (301)

Day and Date of Examination ..........................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..........................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..........................................

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) एवं (D) में से कोई एक उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है।
4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।
5. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 70/MAY/3, सेट C लिखें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# हिन्दी

## (301)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 34 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न संख्या **1** से **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक के लिए *1* अंक निर्धारित है। आप सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

(v) प्रश्न संख्या **21** से **25** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनमें *3* अंक के दो प्रश्न, *7* अंक के दो प्रश्न तथा *10* अंक का **एक** प्रश्न है। निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) प्रश्न संख्या **26** से **34** तक वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। लघूत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *4* अंक के दो तथा लघूत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *5* अंक के **दो** प्रश्न हैं। दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–1 के अंतर्गत *6* अंक के **चार** तथा दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न–2 के अंतर्गत *8* अंक का **एक** प्रश्न है। इनमें से कुछ प्रश्नों के वैकल्पिक प्रश्न भी सम्मिलित हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×20=20

**1.** 'भरत का भ्रातृप्रेम' कविता में नीरज-नयन किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) राम (B) सीता

(C) भरत (D) वशिष्ठ

**2.** "कठुला-कंठ वज्र केहरी नख" पंक्ति में 'केहरी' शब्द का क्या अर्थ है?

(A) मोर (B) गाय

(C) हिरण (D) सिंह



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

3. मीरा की काव्यभाषा को आप मूलतः किस भाषा का मानते हैं?

(A) ब्रज
(B) राजस्थानी
(C) गुजराती
(D) अवधी

4. ''कब को टेरत दीन रट'' दोहे में उलाहना देने के कारण कौन-सा भाव व्यक्त हुआ है?

(A) दैन्य
(B) अंतरंगता
(C) दास्य
(D) साहचर्य

5. पद्माकर की कविता में 'ऐरी मेरी बीर' संबोधन किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) कृष्ण
(B) सखी
(C) चित्त
(D) पद्माकर

6. निम्नलिखित में से उत्तर छायावादी कवि किसे माना जाता है?

(A) दिनकर
(B) पंत
(C) प्रसाद
(D) निराला

7. 'परशुराम के उपदेश' कविता में जाति की लगन और व्यक्ति की धुन किसे कहा गया है?

(A) स्वातंत्र्य को
(B) भीतरी गुणों को
(C) वीरत्व को
(D) ओज को

8. 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' कविता में कवि स्वयं को किसके बंधन में पाता है?

(A) स्मृतियों के
(B) सोच नहीं पाने के
(C) सब भूलने के
(D) पछतावे के

9. 'भेड़िया' कविता आम आदमी को किससे लड़ने के लिए साहस भरती है?

(A) शोषकों से
(B) अमीरों से
(C) पशुओं से
(D) वंचितों से



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

10. हाथों में मशाल लेकर बढ़ने में कौन-सा भाव है?

(A) संघर्षशीलता का
(B) अँधेरे को मिटाने का
(C) गर्माहट का
(D) प्रेम का

11. दुष्यंत कुमार की 'ग़ज़ल' में प्रयुक्त 'आग' किस अर्थ में प्रयुक्त हुई है?

(A) क्रोध
(B) जलाने का
(C) डराने के लिए
(D) परिवर्तन की चेतना

12. दुष्यंत कुमार की ग़ज़ल की भाषा है

(A) तत्सम शब्दावली युक्त
(B) तद्भव शब्दावली युक्त
(C) बोलचाल की
(D) हिन्दुस्तानी

13. 'संयुक्त परिवार' कविता में 'ईन मीन तीन जन' से क्या अभिप्राय है?

(A) ये तीन नाम हैं
(B) ये कवि के सगे-संबंधी हैं
(C) इसका संबंध संख्या से है
(D) इसका आशय विशिष्ट लोगों से है

14. 'नक्शे' कविता के आधार पर नक्शे के पहाड़ों में क्या नहीं है?

(A) ऊँचाई
(B) विशालता
(C) कठोरता
(D) पत्थर

15. 'नक्शे' में सबसे खतरनाक चीज क्या होती है?

(A) पैमाना
(B) प्रकार
(C) लंबाई
(D) चौड़ाई

16. विपरीत परिस्थितियों में भी कुटज हरा-भरा बना रहता है, क्योंकि

(A) वह सदैव हँसता रहता है
(B) उसके भीतर जिजीविषा है
(C) उसकी जड़ें बहुत गहरी हैं
(D) उस पर किसी बात का प्रभाव नहीं पड़ता



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. सुभद्राकुमारी चौहान कविता लिखने की बात क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती थीं?

(A) अपराध मानने से

(B) परिचय नहीं होने से

(C) गलत बात मानी जाती थी

(D) क्योंकि गणित की कॉपी में कविता लिखी थी

18. शामनाथ ने अपने चीफ़ को अपने घर दावत पर क्यों बुलाया था?

(A) अपनी तरक्की के लिए

(B) चीफ़ से स्नेह होने से

(C) अपना घर दिखाने के लिए

(D) अपनी माँ से मिलवाने के लिए

19. सामुदायिक रेडियो का प्रसारण कौन करता है?

(A) सरकारी संस्थाएँ

(B) विज्ञापन एजेंसियाँ

(C) निजी कंपनियाँ

(D) कोई भी व्यक्ति सामुदायिक सहयोग से

20. 'फेसबुक' को आप किस श्रेणी में रखेंगे?

(A) व्यक्तिगत मंच

(B) सामाजिक मंच

(C) अन्तर्वैयक्तिक मंच

(D) सामूहिक मंच

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *1* शब्द या *1* वाक्य में लिखिए : 1×3=3

(क) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी किसने लिखी है?

(ख) 'कुटज' पाठ के लेखक का क्या नाम है?

(ग) आपकी पाठ्य-सामग्री में 'संस्मरण' विधा में लिखी रचना (पाठ) कौन-सी है?

22. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही/गलत में लिखिए : 1×3=3

(क) औपचारिक और अनौपचारिक पत्र में अंतर होता है।

(ख) 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है।

(ग) प्राचीन काल से भारत व्यापार के क्षेत्र में पीछे रहा है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**23.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

तरुणों ने समाधान किया, ''जहाँ तक कर्म का संबंध है, आप लोगों की संस्मरण की अवस्था है। आप लोग आपस में संस्मरण सुनाएँगे ही। उनका रिकार्डिंग होता जाएगा और हम पुस्तकें छपवा देंगे''। सयानों ने आपस में सलाह की और एकमत से कहा, ''हमें मंजूर है। बनाओ हमें देवता''।

(क) गद्यांश के लेखक हैं

(A) भीष्म साहनी
(B) हरिशंकर परसाई
(C) श्रीकांत वर्मा
(D) महादेवी वर्मा

(ख) 'तरुण' का अर्थ होता है

(A) बाल
(B) किशोर
(C) शिशु
(D) युवा

(ग) गद्यांश के पाठ का नाम है

(A) चीफ़ की दावत
(B) कुटज
(C) दो कलाकार
(D) पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ

(घ) 'समाधान' का उपयुक्त अर्थ है

(A) परिणाम
(B) फल
(C) निदान
(D) निष्कर्ष

(ङ) 'आप लोगों' कहकर किसे संबोधित किया गया है?

(A) लेखक को
(B) पाठकों को
(C) बुजुर्गों को
(D) तरुणों को

(च) 'एकमत' का सही अर्थ है

(A) अनेक मत
(B) एक मन
(C) सहमत होना
(D) बहुमत



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(छ) सयाने सलाह कर क्या बनने के लिए तैयार हो गए?

(A) देवता
(B) बुजुर्ग
(C) सम्मानित
(D) अपमानित

**24.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : 1×7=7

माई री म्हाँ लियाँ गोविन्दाँ मोल।
थे कह्याँ छाणे म्हाँ काँ चोड्डे, लियाँ बजन्ता ढोल।
थे कह्याँ मुँहोधो म्हाँ कह्याँ सस्तो, लिया री तराजाँ तोल।
तण वाराँ म्हाँ जीवण वाराँ, वाराँ अमोलक मोल।

(क) 'म्हाँ लियाँ गोविन्दाँ मोल' में संकेत है

(A) मीरा की भक्ति का
(B) कृष्ण को खरीदने का
(C) प्रेम की साहसपूर्ण स्वीकृति का
(D) कृष्ण को बुलाने का

(ख) ढोल बजाकर मीरा क्या बताना चाहती है?

(A) भक्ति
(B) प्रेम-संबंध
(C) त्याग
(D) कृष्ण से संबंध

(ग) प्रस्तुत पद्यांश में किसे खरीदने की बात कही गई है?

(A) कृष्ण
(B) मीरा
(C) माई
(D) ढोल

(घ) उपर्युक्त पद्यांश की शैली है

(A) पद
(B) दोहा
(C) चौपाई
(D) कवित्त

(ङ) मीरा इस सौदे को क्या समझती है?

(A) सस्ता
(B) महँगा
(C) उपहार
(D) आशीर्वाद

(च) 'तण वाराँ' का अर्थ है

(A) धन देना
(B) मन न्योछावर
(C) तन न्योछावर
(D) सर्वस्व देना



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(छ) तराजू पर तोल कर लेने का तात्पर्य है

(A) कम-ज्यादा देखना (B) बराबर लेना

(C) सोच-समझकर लेना (D) सस्ता लेना

**25.** निम्नलिखित व्याकरण-संबंधी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×10=10

(क) विलोम शब्द लिखिए :

*(i)* जीवन *(ii)* आरंभ

(ख) उपसर्ग/प्रत्यय अलग कीजिए :

*(i)* सुशांत *(ii)* लुटेरा

(ग) निम्नलिखित वाक्य में विराम-चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखिए :

अरे तुम कब आए

(घ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए :

*(i)* महँगाई आजकल बढ़ी हुई है।

*(ii)* बकरी का दूध गाँधी जी पीते थे।

(ङ) निम्नलिखित वाक्यों को जोड़कर संयुक्त वाक्य बनाइए :

*(i)* एक दिन की बात है।

*(ii)* मेरे घर मेहमान आए।

*(iii)* वे बाहर खड़ी साइकिल पर चले गए।

(च) निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखिए :

*(i)* ओषध *(ii)* ग्रहकार्य

(छ) निम्नलिखित को भाववाच्य में बदलिए :

मैं लड़ नहीं सकता।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(ज) संधि-विच्छेद कीजिए :

जगन्नाथ; महोत्सव।

(झ) विग्रह सहित समास का नाम लिखिए :

फलानुसार या राग-रंग

(ञ) 'इत' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

2132203

**26.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) मीराबाई की भाषागत विशेषताओं पर टिप्पणी कीजिए।

(ख) 'नक्शे' कविता की मुख्य विषय-वस्तु क्या है? संक्षेप में लिखिए।

(ग) कवि दुष्यंत समाज के हर वर्ग को जागृत करना चाहते हैं, क्यों?

**27.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

2132203

(क) कहब मोर मुनिनाथ निबाहा।
एहि तें अधिक कहौं मैं काहा।।
मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ।
अपराधिहु पर कोह न काऊ।।
मो पर कृपा सनेहु बिसेषी।
खेलत खुनिस न कबहूँ देखी।।

अथवा

(ख) अब तुम मशाल उठा
भेड़िये के करीब जाओ
भेड़िया भागेगा।
करोड़ों हाथों में मशाल लेकर
एक-एक झाड़ी की ओर बढ़ो
सब भेड़िये भागेंगे।

2132203



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

28. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

पथ भूल न जाना पथिक कहीं
पथ में काँटे तो होंगे ही
दूर्वादल सरिता सर होंगे।
सुंदर गिरि वन वापी होंगे
सुंदरता की मृगतृष्णा में
पथ भूल न जाना पथिक कहीं।।
जब कठिन कर्म पगडंडी पर
राही का मनुन्मुख होगा
जब सपने सब मिट जाएँगे।
कर्तव्य मार्ग सन्मुख होगा।
तब अपनी प्रथम विफलता में
पथ भूल न जाना पथिक कहीं।

(क) 'पथिक' से क्या अभिप्राय है?

(ख) जीवन-रूपी पथ में किनके होने की बात कही गई है?

(ग) 'कठिन कर्म पगडंडी' से क्या आशय है?

(घ) पथिक को किन-किन परिस्थितियों में पथ न भूलने की सलाह दी गई है?

(ङ) इस काव्यांश से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

29. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 4

(क) मैं कवि हूँ। मैं तर्क नहीं जीता। मेरे लिए सावरकर वह व्यक्ति है जो हाथों-पैरों में हथकड़ी-बेड़ी पहने बरसों इस भयानक कोठरी के अँधेरे में, कैद रहा, मगर न वाणी अवरुद्ध हुई न आत्मा।

**अथवा**

(ख) प्रेमा—तुम्हीं ने तो कहा था कि जरा ठीक-ठाक करके नीचे लाना। आजकल तो लड़की कितनी ही सुंदर हो, बिना टीमटाम के भला कौन पूछता है? इसी मारे तो पौडर-वौडर उसके सामने रखा था। पर उसे तो इन चीजों से न जाने किस जन्म की नफरत है। मेरा कहना था कि आँचल में मुँह लपेटकर लेट गई। भई, मैं बाज आई तुम्हारी इस लड़की से।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**30.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

शिक्षा और खेलकूद एक-दूसरे से घनिष्ठ रूप से संबंधित हैं। 'काया राखे धर्म है' कथन के अनुसार जीवन के सभी धर्म की साधना शरीर से ही होती है। यदि शरीर ही स्वस्थ न हो, तो शिक्षा कैसे ग्रहण की जा सकेगी और यदि शरीर गँवाकर शिक्षा ग्रहण कर भी ली, तो उस ज्ञान का क्या होगा? उस शरीर के काम तो उसका ज्ञानार्जन नहीं आ सकेगा। अतः खेलों का शिक्षा के क्षेत्र में पर्याप्त महत्त्व है। खेलों के द्वारा भी अनेक प्रकार की शिक्षा मिलती है। शारीरिक विकास, मानसिक विकास, सहयोग की भावना, सामूहिक विकास, त्याग की भावना, उदारता, सहनशीलता आदि मानवीय गुणों का विकास करने में खेलकूद एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन महान गुणों को हम खेल ही खेल में जीवन में उतार लेते हैं। नीरस ज्ञान के उपदेश इन्हें ग्रहण करने में उतने सफल नहीं होते। इस प्रकार हम देखते हैं कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं।

(क) ''शरीर से ही सभी धर्मों की साधना होती है''—सिद्ध कीजिए।

(ख) खेलकूद का जीवन में क्या महत्त्व है?

(ग) खेल और शिक्षा एक-दूसरे के पूरक कैसे हैं?

(घ) गद्यांश के अनुसार ज्ञानार्जन के साथ-साथ क्या अनिवार्य है?

(ङ) आपकी दृष्टि में खेलकूद की जीवन में क्या भूमिका है? *15–20* शब्दों में स्पष्ट कीजिए।

**31.** निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में लिखिए : 3×2=6

(क) 'कुटज' हमें जीने के लिए किस प्रकार प्रेरित करता है?

(ख) माँ अवाक् बेटे का चेहरा देखने लगी। फिर धीरे से बोली, ''अच्छा बेटा''—'चीफ़ की दावत' से उद्धृत कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) महादेवी के लिए बहन सुभद्रा का चित्र बनाना सहज क्यों नहीं था?

**32.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) प्रशासनिक भाषा के रूप में हिन्दी की विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए।

(ख) वैज्ञानिक और तकनीकी के क्षेत्र में प्रयुक्त की जाने वाली हिन्दी की विशेषताओं को उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**33.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *50–60* शब्दों में लिखिए : 3+3=6

(क) निर्देशक महोदय का एक पत्र मिला है जिसमें हिन्दी दिवस के कार्यक्रमों को मनाने के लिए कहा गया है। इसके बारे में जानकारी देते हुए अपने से उच्च अधिकारी को एक टिप्पण लिखिए।

(ख) कार्यालय के एक कर्मचारी ने बारहवीं की पढ़ाई करने के संदर्भ में आवेदन किया है। उसके आवेदन का उत्तर देते हुए एक पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए।

**34.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *80–100* शब्दों में लिखिए : 4+4=8

(क) जनसंचार माध्यमों के किन्हीं चार महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं का उल्लेख करते हुए उसके संदर्भ में विचार व्यक्त कीजिए।

(ख) 'रेडियो' की उपयोगिता पर विचार करते हुए उसकी दो कमियों का भी उल्लेख कीजिए।

★★★

2132203
2132203



Unnati Educations
9899436384, 9654279279